स्पीड पोस्ट

SPEED-POST

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
Government of India
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
(A Constitutional Body under Article 338A of the Constitution of India)

(1). File No. SD/5/2018/STGCG/DEOTH/RU-III — दिनांक: 13–09–2018
(2). File No. DS/7/2018/STGCG/DELAAL/RU-III
(3). File No. JS/8/2018/STGCG/DELAAL/RU-III

<u>सिटिंग नोटिस</u>

विषय: (1). गरीब आदिवासी कृषक के स्वामित्व अधिकार एवं कब्जे की पैतृक कृषि व मकान भूमि को शासन से वापस दिलाकर न्याय प्रदान किये जाने के बाबत – श्री सुखदेव आ. मनीराम, आ. जाति उरांव, ग्राम – तिलडेगा (कटंगतराई), तहसील – पत्थलगांव, जिला – जशपुर, छत्तीसगढ़ का अभ्यावेदन।

(2). पत्थलगांव के आदिवासियों की कृषि भूमि का गैर आदिवासी श्री अरूण अग्रवाल के द्वारा अवैध क्रय किए जाने बाबत्–श्री देवसाय सिदार, पुरानी बस्ती, गोंड़पारा, पत्थलगांव जिला–जशपुर (छत्तीसगढ़) का दिनांक 09–04–2018 का अभ्यावेदन।

(3). पत्थलगांव के आदिवासियों की कृषि भूमि का गैर आदिवासी श्री अरूण अग्रवाल के द्वारा अवैध रूप से क्रय किए जाने बाबत्– श्री जागेश्वर सिदार, पुरानी बस्ती, गोंड़पारा, पत्थलगांव जिला–जशपुर (छत्तीसगढ़) का दिनांक 16–04–2018 का अभ्यावेदन।

चूंकि राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने संवैधानिक अधिदेश और भारत के संविधान के अनुच्छेद 338क के अधीन प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में उक्त उल्लिखित प्रकरणों में अन्वेषण करने का निर्णय लिया है।

2. श्री नंद कुमार साय, माननीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने इस प्रकरण में अन्वेषण/जांच/की जाने वाली कार्रवाई के लिए <u>शासकीय रेस्ट हाउस में दिनांक 24–09–2018 को 2.00 बजे</u> सिटिंग (बैठक) निर्धारित की है।

3. तदनुसार, आपसे अनुरोध है कि कृपया उक्त निर्धारित तिथि एवं समय पर उक्त मामले से संबंधित संपूर्ण तथ्यों एवं सभी संगत मूल अभिलेखों/दस्तावेजों के साथ व्यक्तिगत रूप से माननीय अध्यक्ष के समक्ष परीक्षण के लिए उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

4. कृपया ध्यान रखे कि यदि आप बैठक में उपस्थित नहीं होते हैं तो आयोग के समक्ष आपकी उपस्थिति को बाध्यकारी बनाने के लिए, आयोग भारत के संविधान के अनुच्छेद 338क खंड (8) के अधीन प्रदत्त सिविल न्यायालय की शक्तियों का प्रयोग करने के लिए स्वतंत्र होगा।

O/C 7868-71
14/9/18

जारी किया
ISSUED

(आर. के. दुबे)
सहायक निदेशक
दूरभाष–24615012

सेवा में,
कलेक्टर,
जिला – जशपुर,
छत्तीसगढ़

<u>प्रतिलिपि:</u>

(1). श्री सुखदेव आ. मनीराम, ग्राम –तिलडेगा (कटंगतराई),तहसील–पत्थलगांव, जिला–जशपुर, छत्तीसगढ – 496118

(2). श्री देवसाय सिदार, पुरानी बस्ती, गोंड़पारा, पत्थलगांव जिला–जशपुर, (छत्तीसगढ़)

(3). श्री जागेश्वर सिदार, पुरानी बस्ती, गोंड़पारा, पत्थलगांव जिला–जशपुर,(छत्तीसगढ़)